सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 147 | इंदौर, गुरुवार 12 दिसंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## आश्रम के महंत को डिजिटल अरेस्ट कर 71 लाख की ठगी, 4 गिरफ्तार

**उज्जैन**। उज्जैन के रामकृष्ण मिशन आश्रम नानाखेड़ा के महंत के साथ 71 लाख की ठगी करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस व सायबर टीम ने गिरफ्तार किया है। मामले में दो आरोपी फरार हैं। ये सभी इंदौर के निवासी हैं। 12 नवंबर को एक महिला ने महंत को कॉल किया था। उसने खुद को सेडेक्स इंटरनेशनल कोरियर की मुंबई शाखा में कार्यरत बताया। महिला ने महंत से कहा कि उनके नाम व नंबर से बुक ड्रग पार्सल सीबीआई जांच में लिए हैं। आप चाहें तो अंधेरी थाने में शिकायत दर्ज करा दें। महिला ने ऑनलाइन थाने को जोड़ने का नाटक भी किया। आरोपियों ने महंत को स्काइप एप डाउनलोड कराया और यश बैंक में 59 लाख व आईसीआईसीआई बैंक के धंधुका शाखा खाते में 12 लाख ट्रांसफर करवाए। पुलिस ने इस मामले में महेश फतेचंदानी, मयंक सेन, सतवीर व यश को गिरफ्तार किया है।

## सैलाना विधायक गिरफ्तार आदिवासियों का प्रदर्शन

### सैलाना में मध्य प्रदेश राजस्थान अंतरराज्जीय राजमार्ग को बाधित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम**। सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार को जिला प्रशासन द्वारा आंदोलन की अनुमति नहीं दिए जाने के बाद पुलिस प्रशासन ने डोडियार को गिरफ्तार कर लिया तथा उसके बाद रतलाम से लेकर सैलाना तक जिले में आदिवासियों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिसके परिणाम स्वरूप सैलाना में मध्य प्रदेश राजस्थान अंतरराज्जीय राजमार्ग को बाधित हो गया। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया।

उल्लेखनीय है कि विगत 5 दिसंबर रात्रि 10 बजे शासकीय जिला चिकित्सालय में पहुंचे भारत आदिवासी पार्टी (बाप) विधायक कमलेश्वर डोडियार व समर्थकों का ओपीडी ड्यूटी पर तैनात डॉ. सीपीएस राठौर से विवाद हो गया था, इसके बाद दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर पुलिस में मामला दर्ज करवाया था। मामला दर्ज होने के बाद सैलाना विधायक डोडियार ने रतलाम कलेक्टर के लिए अप्रिय भाषा का उपयोग भी किया था तथा 11 दिसंबर को रतलाम में अंबेडकर सर्किल पर आंदोलन व कलेक्टर के खिलाफ ज्ञापन देने की घोषणा की थी। मंगलवार को जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने कानून व्यवस्था की स्थिति का हवाला देते हुए विधायक डोडियार को आंदोलन की अनुमति नहीं दी थी, इसके बाद बुधवार को विधायक डोडियार ने वीडियो जारी कर धरनास्थल बदला तथा सैलाना रोड स्थित बंजलि हवाई पट्टी पर आंदोलन करने की घोषणा की तथा बंजलि हवाई पट्टी पर समर्थकों के साथ बैठ गए। डीएसपी अजय सारवान व पुलिस ने विधायक कमलेश्वर डोडियार व समर्थकों को गिरफ्तार कर जेल पहुंचा दिया।

### जल जीवन मिशन में गड़बड़ियां सामने आईं

# केंद्र की रिपोर्ट... मप्र के 1271 गांवों में सर्वे, इनमें 217 में नल से जल नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्य प्रदेश में जल जीवन मिशन की गड़बड़ियां उजागर होने लगी हैं। केंद्र की एक रिपोर्ट ने खुलासा किया है कि जिन गांवों में एक भी नल नहीं लगा, वहां मिशन के तहत काम पूरा होना दिखा दिया गया है। वहीं, जिन गांवों में इस मिशन के तहत पानी सप्लाई हो रहा है, उनमें से कई जगह पीने का पानी साफ नहीं है। दरअसल, 2024 में भी मिशन का काम पूरा होता न देखकर केंद्र ने जुलाई में इसकी जमीनी स्तर पर जांच कराई। इसके लिए एक निजी एजेंसी को मप्र के 1,271 सर्टिफाइड गांवों में हुए कार्यों की जांच का जिम्मा सौंपा गया। जांच में केवल 209 गांवों में सभी जरूरी मानक पूरे पाए गए।



वहीं, 217 गांवों में नल कनेक्शन तो हुए, लेकिन पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। खास बात यह है कि 9 जिलों के 13 गांव ऐसे हैं जहां नल कनेक्शन तक नहीं मिल पाए हैं, जबकि यहां कार्य पूरा होना बताया है। सबसे खराब स्थिति अलीराजपुर और सिंगरौली जिलों के गांवों की है। रिपोर्ट के मुताबिक, 778 गांवों के पानी की जांच में 390 सैंपल अमानक पाए गए, जिनमें बैक्टीरियल कंटामिनेशन मिला है। इससे मिशन के तहत कार्य पूरे होने के जरूरी दस्तावेजों की प्रमाणिकता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। खास बात यह है कि यह सर्वे जुलाई में, यानी बारिश के दौरान किया गया था, जब भूजल स्तर बेहतर होता है। 19 नवंबर को केंद्र ने यह रिपोर्ट प्रदेश सरकार को भेजी है।

### विभाग ने लिखा- इस मामले में क्या कार्रवाई की गई

केंद्र की रिपोर्ट मिलने के बाद अब लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) ने भी प्रमुख अभियंता से जवाब तलब कर लिया है। अवर सचिव शैलेष कुमार जैन ने पत्र लिखकर सवाल किया है कि इस मामले में क्या कोई कार्रवाई की गई है, यदि हां तो क्या? थर्ड पार्टी एजेंसी ने सर्वे में जल परीक्षण के लिए जो सैंपल लिए, उनमें 48.70% सैंपल जीवाणु पैरामीटर में और 50.80% सैंपल रासायनिक पैरामीटर में उपयुक्त नहीं पाए गए।

### संत बोले-महबूबा की बेटी के मुंह में गोबर भरो, टेप लगाओ

# चित्रकूट के साधु ने कहा- हिंदुओं 5-5 बच्चे करो 'हिंदुत्व एक बीमारी' बयान का विरोध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती की ओर से 'हिंदुत्व' को लेकर दिए विवादित बयान का साधु-संत विरोध कर रहे हैं। देश भर से रीवा पहुंचे संतों ने आक्रोश जताया है। इस दौरान संतों ने शस्त्र प्रदर्शन कर विरोध भी दर्ज कराया।**

बता दें कि रीवा में झलबदरी धाम झुरहा आश्रम विश्वविद्यालय परिसर में 1008 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ चल रहा है। संत महबूबा की बेटी इल्तिजा के बयान को लेकर बैठक कर रहे हैं। चित्रकूट से आए महाराज ने कहा कि जो भी महबूबा या उनकी बेटी इल्तिजा के मुंह में गोबर भरकर पट्टी बांध देगा, उसे बड़ा इनाम दिया जाएगा। जबकि एक संत ने तो महबूबा और उनकी बेटी के इस बयान से नाराज होकर त्रिशूल भी दिखा डाला, उनका कहना है कि शस्त्र उठाने का समय आ गया है। एक संत ने हम दो हमारे अनेक का नारा दिया है तो एक ने महबूबा और इल्तिजा को घर में घुसकर मारने की चेतावनी भी दी है।

### चित्रकूट के संत बोले- हमारा देश पहले से हिंदू राष्ट्र है

चित्रकूट और देश के बड़े संत माने जाने वाले सनकादिक महाराज ने कहा, ऐसे लोग बोलने लायक नहीं हैं। देश को हिंदू राष्ट्र बनाने की जरूरत नहीं है। हमारा देश पहले से हिंदू राष्ट्र है। बस घोषणा होनी बाकी है। भगवान की इच्छा होगी तो जल्द घोषणा भी हो जाएगी। हिंदू धर्म को बीमारी कहने वाले खुद कैंसर हैं। ऐसे लोग देश में रहने लायक नहीं। अगर हिंदू धर्म बीमारी है तो गैर हिंदू इस देश में कैसे बच गए।

# खजराना मंदिर की दान पेटियों से निकले 7588000 रुपए

## इस बार राशि एक करोड़ तक पहुंचना भी मुश्किल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इन दिनों प्रसिध्द खजराना गणेश मंदिर में दान पेटियों से निकले नोटों की गिनती का काम चल रहा है। तीन दिनों में विभिन्न दान पेटियों से लगभग 75 लाख रुपए निकले है। अभी कुछ और दान पेटियां खुलना बाकी है। नोटों की गणना का काम गुरुवार को भी जारी रहेगा। खजराना गणेश मंदिर की दान पेटियों से निकलने वाली दान राशि की गिनती हर तीन चार माह में की जाती है।**

इन दिनों खजराना गणेश मंदिर की 43 दान पेटियों से निकलने वाली दान राशि की गिनती मंदिर प्रबंध समिति कार्यालय में चल रही है। अब तक 35 दान पेटियों से निकली दान राशि की गिनती हो चुकी है और अब तक मात्र 75 लाख रुपए की राशि इन दान पेटियों से निकली है। सिर्फ आठ दान पेटियां ही अब गिनी जाना बाकी हैं। अनुमान है कि इस बार दान राशि एक करोड़ तक भी पहुंचना मुश्किल है।

### तीन पुजारियों को प्रतिमाह मिलता है 1.75 लाख रु



खजराना गणेश मंदिर में भक्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है इसके बावजूद भी दान राशि में आई भारी गिरावट प्रबंध समिति के लिए चिंता का विषय है। 4 महीने पूर्व खोली गई दान पेटियों से 4 माह की अवधि में एक करोड़ 75 लाख रुपए की राशि निकली थी। दानराशि में हो रही इस कमी का सीधा असर मंदिर के विकास कार्यों पर पड़ सकता है। क्योंकि मंदिर परिसर में किए जाने वाले विकास कार्य और मंदिर की व्यवस्थाओं का संचालन, हर माह 3 पुजारी परिवारों को प्रति परिवार 1 लाख 75 हजार रु मानदेय का भुगतान उक्त दान राशि से ही किया जाता है।

### किस दिन कितना दान पेटियों से निकला

मंदिर के पुजारी के मुताबिक 9 दिसम्बर से मंदिर परिसर में स्थापित दान पात्र खोले गए था उससे निकली राशि की गणना कार्य, प्रबंध समिति, बैंक, नगर निगम कर्मचारी के माध्यम से किया जा रहा है। गणना में प्राप्त राशि का विवरण इस प्रकार है -

9 दिसम्बर - 43,88000 रु

10 दिसम्बर - 1000000 रु

11 दिसम्बर - 2200000 रु

बुधवार 11 दिसम्बर तक कुल प्राप्त राशि 7588000 रु

उक्त राशि मंदिर के पीएनबी खाते में जमा करा दिया गया है। गणना कार्य गुरुवार को भी जारी रहेगा।

# गीता जयंती पर जेल में बंदियों को दिया गीता का संदेश

## कैदियों के बीच श्रीमद्भागवत गीता पाठ हुआ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर शहर में अलग-अलग आयोजन हुए। एक जगह श्रीमद्भागवदत गीता पाठ के साथ आयोजन की शुरूआत हुई, तो वहीं जिला जेल में महामंडलेश्वर ने बंदियों को गीता के संदेश दिए।**



बुधवार को जिला जेल इंदौर में गीता उपदेश का प्रोग्राम हुआ। वृंदावन के महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती महाराज ने बंदियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, ह्यमानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं है। श्रीमद्भागवत गीता में मनुष्य को सदैव कर्म के लिए प्रोत्साहित किया है। गीता के माध्यम से मनुष्य को सदैव कर्म करने के साथ-साथ आचार, विचार और आहार शुद्ध रखने का संदेश दिया है।ह्व उन्होंने बंदियों को गीता के उपदेश भी सुनाए और सभी को गीता की प्रतियां दीं।

कार्यक्रम में विधायक महेंद्र हार्डिया ने विधायक निधि से 3.50 लाख रुपए की लागत से 250 लीटर प्रतिघंटा साफ पानी देने की क्षमता वाला एक आरओ प्लांट का लोकार्पण किया। विधायक ने बंदियों को गीता के दर्शन का अनुसरण करने के लिए कहा। जेल अधीक्षक जवाहर सिंह मंडलोई और उप अधीक्षक आलोक वाजपेई, महिला वार्ड प्रभारी अर्चिता बर्डे ने स्वागत किया।

# अग्र-मलूकपीठाधीश्वर स्वामी श्री राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज का आगमन आज

### साधु संत अग्रपीठाधीश्वर बनने पर करेंगे अभिनंदन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** श्री राम मंदिर पंचकुइया आश्रम में अग्र - मलूक पीठाधीश्वर स्वामी श्री राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज का गुरुवार को आगमन होगा, साधु संत अग्रपीठाधीश्वर बनने पर अभिनंदन करेंगे। साकेतवासी श्रीमहंत श्री लक्ष्मणदास महाराज की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई जाएगी। पंचकुइया पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री रामगोपालदास महाराज ने बताया कि गुरुवार को अग्र - मलूक पीठाधीश्वर स्वामी श्री राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज का सुबह 10 बजे मंदिर में आगमन होगा। साधु संत और भक्त फूलों की पंखुड़ियां बरसाकर स्वागत अभिनंदन करेंगे। सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक महाराज जी आशीर्वचन देंगे। साकेतवासी श्रीमहंत श्री लक्ष्मणदास महाराज की दूसरी पुण्यतिथि मनेगी,कई आयोजन होंगे। सुबह 11 बजे अग्र - मलूक पीठाधीश्वर स्वामी श्री राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज सहित बड़ी संख्या में साधु संत उनके चित्र माल्यार्पण करेंगे और महाआरती होगी। लक्ष्मणदास महाराज के स्मरण को याद किया जाएगा।

# परिचय सम्मेलन 15 दिसंबर को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** श्री कान्यकुब्ज विद्या प्रचारिणी सभा का अखिल भारतीय सर्व ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन 15 दिसंबर को एयरपोर्ट रोड स्थित नृसिंह वाटिका पर आयोजित होने जा रहा है। सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए समाजजनों को पीले चावल देकर निमंत्रण दिए जा रहे है। समाज के अध्यक्ष पं. संजय शुक्ला, प्रधानमंत्री पं.अनूप बाजपेई अन्नू और कार्यक्रम प्रभारी पं.प्रकाश बाजपेई ने बताया कि श्री कान्यकुब्ज विद्या प्रचारिणी सभा द्वारा आयोजित इस परिचय सम्मेलन की तैयारियां जोरो शोरो से चल रही है। 15 दिसंबर को होने वाले हाईटेक युवक-युवती परिचय सम्मेलन के लिए इंदौर, भोपाल,सागर, रतलाम, मंदसौर, ग्वालियर सहित पूरे प्रदेशभर के समाजजनों को पीले चावल देकर सम्मेलन में आने के लिए निमंत्रण दिया जा रहा है। सम्मेलन के लिए 600 से ज्यादा प्रविष्ठियां प्राप्त हो चुकी है। इस अवसर पर प्रकाश मिश्रा, चंद्र प्रकाश दुबे,धीरज शुक्ला, मनीष तिवारी,सुरेंद्र बाजपाई, पुष्पेंद्र शुक्ला,उमेश तिवारी, नितिन शुक्ला, ओमप्रकाश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में समाजजन मोजूद थे।

# निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

**इंदौर।** निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर मोहन यादव की सरकार के 1 वर्ष होने पर मोदी जी की कुटिया में 11 दिसंबर मोतियाबिंद का ऑपरेशन आनंदम केंद्र भंडारा मंदिर पर 49 मरीज का ऑपरेशन के लिए भेजा और 450 सौ मरीजों का चेकअप हुआ। आनंदम केंद्र भंडारे वाले साईं मंदिर आनंद और श्री परशुराम सेना के प्रकाश शर्मा (पप्पी) और प्रदेश अध्यक्ष अनूप शुक्ला ने बताया कि संयुक्त तत्वाधान में मोहन सरकार के 1 वर्ष होने पर मोदी कुटिया में 11 दिसंबर प्रातः सुबह 10:00 बजे से निशुल्क नेत्र शिविर और मोतियाबिंद का ऑपरेशन मालवा मिल स्थित बीमा हॉस्पिटल के पास आनंदम केंद्र भंडारा वाला साईं मंदिर पर किया गया जहां लगभग 450 सौ के करीब असहाय बुजुर्ग महिलाएं एवं कन्याओं का नेत्र प्रशिक्षण किया गया साथ ही लगभग 49 मरीजों को मोतियाबिंद का ऑपरेशन के लिए भेजा गया चोइथराम नेत्रालय द्वारा निशुल्क किया जाएगा। उपरोक्त अवसर पर विधायक महिंद्रा हडिया, विधायक रमेश मेंदोला, एमआईसी मेंबर नंदकिशोर पहाड़िया, बाबूलाल जी मौर्य,बम साहब, मोहसिन खान सनी शुक्ला छोटू भीम नायक . भूरा भाई,राजेश बागडे आदि सामाजिक प्रतिष्ठित लोग भी मौजूद रहें।

# क्रिसमस पर अनाथालय की बच्चियों के चेहरों पर मुस्कान खिलाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** फेयरफील्ड बाय मैरियट इंदौर ने इस क्रिसमस पर शहर के एक अनाथालय में रहने वाली 120 मूक बधिर लड़कियों के जीवन में खुशियां भर दीं। होटल ने बच्चियों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें केक मिक्सिंग, एप्रन ड्राइंग प्रतियोगिता और स्वादिष्ट नाश्ते का आनंद लिया गया। सांता क्लॉस की मौजूदगी ने उत्सव का माहौल और भी खास बना दिया। बच्चों के चेहरे पर खिली मुस्कान देखकर हम सभी भावुक हो गए। यह कार्यक्रम न केवल बच्चियों के लिए एक यादगार अनुभव रहा, बल्कि होटल के कर्मचारियों के लिए भी एक भावनात्मक पल था।

# कॉलेज में लगी पुलिस की सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों की पाठशाला

### स्टूडेंट्स को साइबर अपराधों की जानकारी दी, नशे से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक भी किया

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। पुलिस द्वारा साइबर अपराधों, महिला अपराधों एवं नशे के दुष्परिणामों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगातार विभिन्न सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। डीसीपी क्राइम राजेश कुमार त्रिपाठी, पुलिस टीम के साथ कोठरी कॉलेज पहुंचे।**

कोठरी कॉलेज में क्षत्रिय राजपूत कलमकार पत्रकार संघ के सहयोग से आयोजित उक्त जागरूकता कार्यक्रम में डीसीपी क्राइम व इंदौर पुलिस की टीम ने उपस्थित छात्र एवं छात्राओं एवं शिक्षकगणों को वर्तमान समय के सायबर अपराधों के प्रकारों, इनके करने के तरीके तथा इनसे किस प्रकार बचा जाए आदि के संबंध में विस्तृत रूप से बताया। उन्हें विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन फ्रॉड, फाइनेंसियल फ्रॉड, सेक्सटॉर्शन फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट जैसे विभिन्न फ्रॉड और सोशल मीडिया का दुरुपयोग करके अपराधी किस प्रकार हमें फंसाते हैं यह जानकारी देते हुए, इनसे बचने के लिए सावधानीपूर्वक इनका इस्तेमाल करने और अपनी निजी जानकारी किसी से शेयर न करने के बारे में समझाईश दी।

टीम द्वारा सभी स्टूडेंट्स से वर्तमान परिवेश में जो नशे की गिरफ्त में लोग आते जा रहे हैं उस को ध्यान में रखते हुए उन्हें नशे के दुष्परिणामों आदि के संबंध में जानकारी देते हुए, सभी को हमेशा नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान सब इंस्पेक्टर शिवम ठक्कर, एएसआई यादव , क्षत्रिय राजपूत कलमकार पत्रकार संघ के सचिव सुनील सिंह शेखावत मौजूद थे ।

# अवैध कालोनी काटने वालों पर केस

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। अवैध कालोनी काटने के मामले में छह भूमाफियाओं पर पुलिस ने केस दर्ज किया गया है। भूमाफियाओं की शिकायत कालोनी सेल में पदस्थ उपयंत्री सत्येन्द्र राजपूत ने की थी। शिकायत में फरियादी ने कहा कि झोन 21 के ग्राम सिरपुर की भूमि सर्वे क्रमांक 526/1/1 की भवन अनुज्ञा शाखा एवं कॉलोनी सेल विभाग की टीम ने निरीक्षण किया था। इसमें पता चला कि उक्त भूमि पर आरोपीगण अनिल बोराडे, प्रदीप बोराडे, जयश्री, सीमा, उर्मिला तथा गौरव द्वारा अवैध कॉलोनी का निर्माण किया गया है। निर्माण के लिए निगम से किसी प्रकार की विकास अनुमति नहीं ली है। मामले में निगम ने भूमाफियाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। आरोपी भूमाफियाओं ने नोटिस का संतुष्टि भरा जबाव नहीं दिया तो निगम ने पुलिस को शिकायत की। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है।

# विक्षिप्त युवती को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। महू की कोतवाली पुलिस का वाहन चेकिंग के दौरान महिला सुरक्षा को लेकर सकारात्मक कार्य देखने को मिला। यहां डीएसओआई चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान लावारिस हालात में विक्षिप्त युवती देर रात को मिली। जिसे पुलिसकर्मियों ने रातभर वन स्टॉप सेंटर में रखा। वहीं दूसरे दिन उसे मानसिक चिकित्सालय पहुंचाया। यहां डीएसओआई चौराहे पर एसडीओपी दिलीपसिंह चौधरी व थाना प्रभारी संजय द्विवेदी पुलिस बल के साथ चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक 18 से 20 उम्र की मानसिक विक्षिप्त युवती लावारिस हालात में घूमते हुए मिली। जिससे पूछताछ की तो वह जवाब नहीं दे पा रही थी। मानसिक चिकित्सालय बाणगंगा इन्दौर रेफर किया गया।

## मारपीट कर धमकाया

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। एमजी रोड थाने में आदिल शेख पिता रियाजुद्दीन शेख निवासी गीता नगर की शिकायत पर आरोपी सोहेल पटेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह ग्राफिक डिजाइनिंग का काम करता है। सोहेल पटेल और उसका एक पुराना प्रकरण न्यायालय में चल रहा है। इस मामले में सोहेल की जिला न्यायालय में पेशी थी। आरोपी उसे चंदन नगर चौराहे पर मिला। दोनों साथ में जिला कोर्ट पहुंचे, दोपहर में वह फोन पर बात कर रहा था तो आरोपी सोहेल ने उसे फोन पर बात करने से रोका। गालियां दी और धमकाया उसने विरोध किया तो उसका गला पकड़ लिया और मारपीट भी की है। जिससे उसे चोट आई है। आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है।

## टक्कर मारी, फिर ले गया अस्पताल

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद रिक्शा वाला ही उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गया। देवासनाका पर रिक्शा क्रमांक एमपी-09 डीआर 0966 के चालक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर जोरदार लगी, जिससे युवक के दोनों पैरों में चोंटे आई। टक्कर मारने के बाद चालक ने सहृदयता भी दिखाई और अपने ही लोडिंग रिक्शा में पीछे युवक को लेटाकर अस्पताल तक ले गया।

# लालच से बचकर बचे साइबर क्राइम से

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। वर्तमान में बढते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में बुधवार को अति पुलिस उपायुक्त क्राइम राजेश दंडोतिया रेडिएंट इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड साइंस पहुंचे।**

सायबर अवेयरनेस के तहत आयोजित कार्यक्रम में एडीशनल डीसीपी ने कार्यशाला में उपस्थित करीब 175 स्टूडेंट्स को वर्तमान समय के विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों की जानकारी देते हुए, उन्हें पुलिस के पास आने वाली साइबर अपराधों की शिकायतों की केस स्टडी के आधार पर विभिन्न प्रकार के साइबर फ्राड,फाइनेंशियल फ्राड ,ई-कॉमर्स वेबसाइट द्वारा किए जाने वाले फ्राड,फर्जी लोन ऐप्प और निवेश आदि के लुभावने आफर वाले, डिजिटल अरेस्ट तथा सोशल मीडिया पर किये जाने वाले आदि विभिन्न साइबर अपराधों की जानकारी दी तथा साइबर अपराध होने पर हेल्पलाइन.1930 एनसीआरपी पोर्टल तथा इंदौर पुलिस की साइबर हेल्पलाइन 7049124445 आदि पर किस प्रकार शिकायत करें तथा पुलिस इन पर किस प्रकार कार्यवाही करती है और साइबर अपराधों से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखें आदि के संबंध में प्रैक्टिकली समझाया।

'उन्होंने सभी से कहा कि हम लोग आजकल ज्यादा से ज्यादा काम डिजिटल रूप में ऑनलाइन काम कर रहे हैं। सभी अपनी आर्थिक स्थिति को अच्छी करने के लिए विभिन्न आय के साधनों जैसे. निवेश या ऑनलाइन वर्क कर अथवा लोन आदि के माध्यम से करना चाहते है। इसी का फायदा उठाकर साइबर अपराधी विभिन्न लुभावने आफर और अप्रत्याशित लाभ कमाने के लिए फेक कॉल्स व फर्जी लिंक भेजकर हमें अपने जाल में फंसाने के प्रयास में रहते हैं। कई बार विभिन्न प्रकार का डर दिखाकर भी फ्राड करते है। इसलिए हम जागरूक और सतर्क रहकर पूरी सावधानी के साथ सोशल मीडिया और ऑनलाइन फाइनेंशियल काम करें ,फर्जी कॉल व लिंक से बचकर रहें तथा अपनी निजी जानकारी किसी से भी शेयर नहीं करें ।

# अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव : मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का हुआ शुभारंभ

### योजनाओं का लाभ लेने की अपील

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के तहत श्रीमद भगवद् गीता पाठ के आयोजन के साथ गीता जयंती का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का शुभारंभ भी हुआ। ग्रामीण हाट बाजार परिसर में आयोजित कार्यक्रम में संतों ने गीता के महत्व पर प्रकाश डाला।**

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को जनप्रतिनिधियों ने संबोधित किया तथा विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ का वितरण भी किया गया।

प्रभारी कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दिशा-निर्देशन में केन्द्र एवं राज्य सरकार की चिंहित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत प्रतिशत सैचुरेशन एवं लक्ष्य आधारित योजनाओं को प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान 11 दिसंबर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक जिले में आयोजित होगा। अभियान के तहत जिले की समस्त ग्राम पंचायतों और नगरीय क्षेत्र के सभी वार्ड में शिविर का आयोजन होगा।

कार्यक्रम को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने संबोधित करते हुए कहा कि गीता जयंती के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी 34 हितग्राही मूलक योजनाओं, 11 लक्ष्य आधारित, 63 सेवाओं का लाभ पात्रतानुसार हितग्राहियों को प्रदान किया जाएगा। उन्होंने आयुष्मान योजना तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के समस्त वृद्धजनों से आयुष्मान भारत योजना का कार्ड बनवाने का आह्वान किया।

# धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार, दूसरे की तलाश

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। शक्कर व्यापारियों के साथ धोखाधड़ी करने वाले शातिर आरोपी को क्राइम ब्रांच की टीम ने हवाई यात्रा कर मुंबई से बाय प्लेन दिल्ली जाकर गिरफ्तार किया है। शक्कर उपलब्ध कराने के नाम से दो आरोपियों ने व्यापारियों के साथ 2 करोड़ 61 लाख 66 हजार 106 रुपए की धोखाधडी की थी। एडवांस पेमेंट लेने के बाद किसी भी व्यापारी को माल नहीं भेजा था। क्राइम ब्रांच आरोपी को रिमांड पर लेकर अन्य फरार आरोपी के बारे में पूछताछ कर रही है।**

क्राइम ब्रांच को इंदौर के व्यापारी फर्म दर्शन इंटरप्राइजेस,राधाकृष्ण ट्रेडर्स,चंचल ट्रेडर्स,श्रीकृष्णा ट्रेडर्स,पी. योगेशचंद एण्ड कपंनी,नाकोडा शुगर ब्रोकर,आगम ट्रेडर्स,राजेन्द्र कुमार अजीत कुमार सर्वोदय चौक बीना एवं महावीर किराणा भंडार आदि ने शिकायत की थी कि मेसर्स भूलेश्वर के प्रोपराइटर मितेश नाहटा एवं साजन शुगर प्राइवेट लिमिटेड के प्रोपराइटर-संचालक साजन पांचपुते द्वारा शक्कर उपलब्ध कराने के नाम से एडवांस पेमेंट प्राप्त कर 2 करोड़ 61 लाख 66,106 रुपए की धोखाधड़ी की है। क्राइम ब्रांच ने केस दर्ज कर मामले की जांच की। तकनीकी जानकारी निकालते मेसर्स भूलेश्वर के प्रोपराइटर-संचालक मितेश नाहटा निवासी पुणे ;महाराष्ट्र, का पीछा करते हुए टीम महाराष्ट्र पहुंची, उसी समय आरोपी फ्लाइट में मुंबई से दिल्ली की ओर भागा,क्राइम ब्रांच टीम भी मुंबई से फ्लाइट द्वारा आरोपी का पीछा करते हुए दिल्ली पहुंची और दिल्ली एयरपोर्ट पर घेराबंदी कर आरोपी मितेश को गिरफ्तार किया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह भूलेश्वर फर्म का प्रोपराइटर है और अपने साथी आरोपी साजन के साथ इंदौर के शक्कर व्यापारियों की मीटिंग लेकर उन्हें झूठा भरोसा दिलाया था कि कई क्विंटल शक्कर तय सीमा में उपलब्ध कराएगा और शक्कर का एडवांस पेमेंट के रूप में 2 करोड़ 61 लाख 66 हजार 106 रुपए प्राप्त कर लिया था। उसके बाद माल नहीं भेजकर करकर धोखाधड़ी कर डाली। इस मामले में फरार आरोपी साजन पांचपुते की तलाश की जा रही है।

# नगर निगम ने तोड़े अवैध निर्माण

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। नगर निगम की रिमूवल टीम ने बुधवार सुबह दो अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई की। जोन 13 में ये कार्रवाई की गई। नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा के निदेर्शानुसार बुधवार सुबह नगर निगम की टीम ने जोन 13 में दो जगह पर अवैध निर्माण हटाए। उपायुक्त लता अग्रवाल ने बताया निगम रिमूवल विभाग ने 68 विष्णुपुरी में एमओएस में किए गए 3 हजार स्क्वायर फीट क्षेत्र के अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई की। इसके बाद टीम ने जोन 13 के 37 नानक पैलेस कॉलोनी में अवैध रूप से बनाए जा रहे 1500 स्क्वायर फीट पर होस्टल निर्माण को भी हटाया। इस कार्रवाई में उपायुक्त लता अग्रवाल, भवन अधिकारी अंकेश बिरथरिया, सुनील जादौन, भवन निरीक्षक विशाल पटेल, रिमूवल सहायक बबलू कल्याणे और अन्य मौजूद थे।

# शेर-टाइगर के केज में लगे हीटर

## सांप-पक्षियों को गर्मी देने लगाए बल्ब, ठंड बढ़ते ही बदला जू का मैन्यू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर ,(एजेंसी)। ग्वालियर चंबल अंचल में उत्तर भारत से आने वाली सर्द हवाओं ने ठंड का अहसास कराना अब शुरू कर दिया है। यही वजह है कि ग्वालियर चिड़ियाघर में रहने वाले पशु-पक्षी, जानवरों के रहन सहन व खान-पान में भी बदलाव हो गया है। ग्वालियर के गांधी प्राणी उद्यान (जू) में टाइगर, शेर के केज में गर्माहट देने के लिए हीटर लगा दिए गए हैं।**

सुबह-शाम यह टाइगर और शेर हीटर और दिन में धूप से ताप लेते नजर आते हैं। वही सांपों के केज में बल्ब लगाकर हीट दी जा ही हैं। अन्य जानवरों के पिंजरों को घास से कवर किया गया हैं। साथ ही चिड़ियाघर में सर्दी की दस्तक से मैन्यू भी बदल गया हैं। अब जनवरों को गर्मी देने वाली सब्जियां व खाना दिया जा रहा हैं।

**टाइगर के पिंजरा में हीटर लगाए-** हाल ही में उत्तर भारत में पहाड़ों पर बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में दिखने लगा हैं। ग्वालियर के फूलबाग स्थित गांधी प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) में ऐसे जानवर जो खुले में रहते हैं, जैसे हिरण, नील गाय आदि उनके बाड़े में सूखी घास डलवा दी गई है, जिससे सतह गर्म रहे। आने वाले दिनों में सर्दी तेज होते ही शाम के वक्त अलाव की व्यवस्था भी की जाएगी। वहीं शेर और टाइगर के पिंजरों में हीटर लगा दिए गए हैं। पक्षियों के केज को ठंडी हवा से बचाने लिए पर्चे लगा दिए गए हैं। सांप के सेल में बल्ब जलाकर हीट की व्यवस्था की जा रही हैं।

**जानवरों को गर्म सब्जियां दी जा रही-** सभी जानवरों को इस मौसम में मैथी, हरा लहसुन, गुड़ और बरसीम खाने के लिए दिया जा रहा हैं। इसके साथ ही उन्हें भोजन में मौसमी सब्जियां और फ्रूट्स भी खिलाए जा रहे हैं। बंदरों को भुने हुए चने दिए जा रहे हैं। अभी गर्माहट देने वाली सब्जी, भाजी जानवरों को खिलाई जा रही हैं। जो शरीर को ठंडक प्रदान करने वाला खान पान है, उसे बंद कर दिया गया हैं।

**शेर के पिंजरा में तापमान बनाकर रखा-** शेर को गर्माहट देने के लिए 4 से 5 हीटर लगाए गए हैं। साथ ही उन्हें अब पूरे हफ्ते भोजन में मांस दिया जा रहा है। नाग के केज में सूखी घास और 200 वाट के बल्ब लगा दिए गए हैं, जिससे उन्हें सर्दी में गर्माहट मिल सके।

**पक्षी और जानवरों को बचाने खास इंतजाम-** ग्वालियर चिड़ियाघर के डॉक्टर उपेंद्र यादव का कहना है कि चिड़ियाघर में अलग-अलग प्रजाति के पशु-पक्षी और जानवर हैं, जिन्हें अलग-अलग तापमान पर रहने की आदत हैं। इसलिए उनके हिसाब से पिंजरा और उनके बाड़े में इंतजाम किए गए हैं।

# शराब पिलाकर गला घोंटा

### लाश गड्ढे में दबाकर नमक डाला, 30 पत्थर रखे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर,(एजेंसी) सागर के मोतीनगर थाना क्षेत्र में तीन दिन से लापता युवक का शव मंगलगिरी इलाके में जंगल में मिला है। युवक की हत्या कर आरोपियों ने शव को जमीन में गाड़ दिया था। इतना ही नहीं बॉडी को डीकंपोज करने के लिए नमक भी डाला था। घटना के सामने आते ही पुलिस मौके पर पहुंची और खुदाई कर शव को बाहर निकलवाया।**

पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिवार वालों को सौंप दिया। परिजन अस्पताल से शव लेकर संजय ड्राइव मार्ग स्थित चौराहे पर पहुंचे। यहां उन्होंने शव रखकर चक्काजाम कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के परिजन ने आरोपी का मकान गिराने,परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की। पुलिस के आश्वासन के बाद परिवार शव लेकर रवाना हो गया।

पुलिस का कहना है कि एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। हत्या किस वजह से की गई, इसका खुलासा जल्द ही किया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक, काकागंज निवासी ऋषि पिता महादेव अहिरवार (21) 7 दिसंबर को घर से ऑटो रिक्शा लेकर निकला था। करीब दो घंटे बाद भी वो नहीं लौटा तो परिवार वालों ने फोन लगाया, लेकिन बात नहीं हो पाई। शाम को फोन बंद जा रहा था। रात तक ऋषि घर नहीं पहुंचा तो परिवार वालों ने तलाश शुरू की। 8 दिसंबर को मोतीनगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई।

# कटनी में 8 महीने की बच्ची जिंदा जली

### मां धूप में सुला गई, भाई-बहन ने खेल-खेल में जलती तीली फेंकी; बचाने में पिता झुलसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**कटनी, (एजेंसी)। कटनी में 8 महीने की बच्ची आग में जिंदा जल गई। मां ने मालिश करने के बाद उसे धूप में खटिया पर सुला दिया था। बड़े भाई-बहन ने खेल-खेल में माचिस की जलती तीली खटिया के पास रखे भूसे पर फेंक दी। आग भड़की और खटिया को चपेट में ले लिया।**

हादसा कटनी के माधवनगर थाना इलाके के झिंझरी में सोमवार सुबह हुआ। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। बच्ची सोनिया के पिता राजू कुशवाहा ने बताया कि वह कटनी जिले के बांधा-इमलाज गांव का रहने वाला है। परिवार के भरण-पोषण के लिए उसने झिंझरी में मुन्ना गुमास्ता के तीन एकड़ खेत को अधिया पर लिया है। खेत में ही झोपड़ी बनाकर पत्नी रजनी और बच्चों समेत रहता है। सोनिया सबसे छोटी बेटी थी।

**खेल-खेल में बड़े भाई-बहन ने तीली जलाकर भूसे में फेंकी-** राजू ने कहा, सोमवार सुबह रोज की तरह रजनी ने सोनिया की मालिश की और उसे खटिया पर लिटाकर धूप सेंकने के लिए छोड़ दिया। इसके बाद रजनी घर के काम-काज में व्यस्त हो गई। मैं खेत पर काम करने चला गया।

सोनिया के पास ही 6 साल की बड़ी बहन और दो साल का भाई खेल रहे थे। खेल-खेल में उन्होंने चूल्हे के पास रखी माचिस की डिब्बी उठाई। फिर तीली जलाकर पास ही भूसे में फेंक दी। खेत में धान की कटाई के बाद बची पराली और भूसे ने तेजी से आग पकड़ी। कुछ ही मिनटों में लपटें खटिया तक पहुंच गईं।

**मां बोली-क्या पता था, फिर गोद में नहीं ले पाऊंगी-** राजू ने बताया कि सोनिया के रोने की आवाज सुनकर हम उसे बचाने दौड़े लेकिन आग इतनी भयानक थी कि उसे लपटों से नहीं निकाल पाए। आग बुझाने के प्रयास में राजू का हाथ भी झुलस गया। इस दर्दनाक घटना ने पूरे परिवार को सदमे में डाल दिया है। रजनी ने रोते-रोते कहा, ह्यमालिश करने के बाद बिट्टू को खटिया पर सुलाया था। क्या पता था कि फिर गोद में नहीं ले पाऊंगी।

**बयान के आधार पर होगी कार्रवाई-** माधव नगर थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद मामले को संज्ञान में लिया है। परिजन के स्टेटमेंट के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी ने सड़क पर घायल बुजुर्ग को दिया सीपीआर

### कलेक्टर के साथ जाते समय वाहन रूकवाकर की मदद, अस्पताल में हुई मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

राजगढ़ ,(एजेंसी)। शाम को ब्यावरा से सारंगपुर जा रहे राजगढ़ एसपी आदित्य मिश्रा ने एक बुजुर्ग की जान बचाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी। उन्होंने बुजुर्ग को सड़क पर घायल पड़ा देख बिना देरी किए अपनी गाड़ी रुकवाकर घायल को सीपीआर देने का प्रयास किया। तमाम कोशिशों के बावजूद घायल बुजुर्ग की जान नहीं बचाई जा सकी। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**यह था मामला-** मंगलवार शाम को राजगढ़ जिले के कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा और एसपी आदित्य मिश्रा ब्यावरा से सारंगपुर जा रहे थे। इस दौरान करनवास के पास सड़क पर उन्हें घायल अवस्था में एक बुजुर्ग व्यक्ति दिखा। यह देख एसपी-कलेक्टर ने तुरंत अपनी गाड़ी रुकवाई और बिना देरी किए सड़क पर उतरकर घायल बुजुर्ग की मदद करने की कोशिश की। स्थानीय लोगों ने बताया कि हाईवे पर पड़े हीरालाल सितार (70) निवासी किशनपुरिया को एक कार ने टक्कर मार दी थी। टक्कर मारने के बाद कार का चालक फरार हो गया और हीरालाल अचेत अवस्था में पड़े थे।

### सीपीआर देते हुए एसपी बोले- काका उठो

इसके बाद एसपी आदित्य मिश्रा ने घायल को बचाने के लिए सीपीआर देने की कोशिश की। उन्होंने मुंह से सांस देकर उनकी जान बचाने का प्रयास किया और बुजुर्ग को होश में लाने के लिए काका कहकर आवाज दी। इस दौरान कलेक्टर गिरिश कुमार मिश्रा भी उनके पास मदद के लिए खड़े रहे। इसके बाद मौके पर पहुंची एम्बुलेंस से बुजुर्ग को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# युवक को नग्न कर घसीटा और पीटा

### रुपए के लेन-देन में लात-घूंसे और बेल्ट बरसाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

नर्मदापुरम, (एजेंसी) नर्मदापुरम में रुपयों की लेन-देन को लेकर एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। तीन युवकों ने युवक को नंगा कर उसे बेल्ट, चप्पल और लात-घुसों से पीटा। घटना 29 नवंबर की बताई जा रही है। जिसका वीडियो 13 दिन बाद बुधवार (11 दिसंबर) को सामने आया। पीड़ित और आरोपी दोनों नर्मदापुरम के रहने वाले है। आरोपी पीड़ित को शहर से 10 किमी दूर पाटलाई के पास एक खेत में ले गए और उसके साथ मारपीट की। पीड़ित युवक करन भदौरिया की शिकायत पर तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी और पीड़िता के बीच पैसों का लेनदेन है। देहात थाना पुलिस ने करन की शिकायत पर आरोपी राघव गोस्वामी, हरिओम गोस्वामी और रितिक गोस्वामी के खिलाफ गंदी-गंदी गालियां देकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया है।

# असम के डिटेंशन सेंटर भेजा जाएगा अहमद अलमक्की

### हाईकोर्ट से केस डिस्पोज; 10 साल पहले रेलवे स्टेशन से पकड़ाया था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, (एजेंसी)। ग्वालियर में आखिरकार फर्जी पासपोर्ट के जरिए भारत में घुसने के आरोप में पकड़े गए अहमद अलमक्की को अब देश के सबसे बड़े डिटेंशन सेंटर यानी गोलपाड़ा में रखा जाएगा। ग्वालियर हाईकोर्ट ने मंगलवार को केस को डिस्पोज करते हुए यह आदेश दिए हैं।**

बता दें, यह डिटेंशन सेंटर असम में है और देश में मौजूद चार डिटेंशन सेंटर में सबसे बड़ा है। फिलहाल अल मक्खी अभी ग्वालियर की केंद्रीय जेल में बंद रहकर सजा काट रहा है, अलमक्की ग्वालियर में पकड़े हुए पूरे 10 साल बीत चुके हैं।

**2014 में रेलवे स्टेशन से पकड़ाया था-** ग्वालियर पुलिस ने पड़ाव थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन बजरिया से 2014 में अहमद अलमक्की को संदिग्ध हालत में पकड़ा था। उसने पहले अपने आप को सऊदी अरब का नागरिक बताया था। लेकिन, सऊदी अरब के दूतावास ने उसके अपने यहां का नागरिक होने के बारे में अभिज्ञता जाहिर की थी। इसके बाद आरोपी अहमद अल मक्की ने अपने आप को बांग्लादेश का नागरिक बताया।

फर्जी पासपोर्ट से देश में घुसने पर उसे 3 साल की सजा हुई थी। उसके बाद अलमक्की की साल 2017 सितंबर महीने में सजा पूरी होने के बाद पडाव थाने में बनाए गए अस्थायी डिटेंशन सेंटर में 9 महीने तक कलेक्टर के आदेश पर रखा था।

# पन्ना टाइगर रिजर्व में जिप्सी के सामने आया बाघ

### ◆ वीडियो बनाकर टूरिस्ट्स हुए रोमांचित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पन्ना, (एजेंसी)।** पन्ना टाइगर रिजर्व में बढ़ती बाघों की संख्या पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। बुधवार सुबह जंगल सफारी के दौरान पर्यटकों को रोमांचकभरा नजारा देखने को मिला। पर्यटकों की जिप्सी के सामने एक बाघ आ गया। टूरिस्ट्स ने इस नजारे को मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया। इसके बाद सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। यहां वायरल हो रहा। दरअसल, घने जंगल व प्राकृतिक सौन्दर्य के लिए मशहूर पन्ना टाइगर रिजर्व में छोटे-बड़े बाघों की संख्या 90 से अधिक है। यहां वर्ष 2008-09 में एक भी बाघ नहीं थे, लेकिन तत्कालीन फील्ड डायरेक्टर श्रीनिवासव मूर्ति ने जन समर्थन से बाघ पुनर्स्थापना के तहत बाघों का संसार बसाने का प्रयास किया। इसके बाद बाघों की संख्या में इजाफा शुरू हुआ।

## संपादकीय

# पहली बार विपक्ष ने लाया अविश्वास प्रस्ताव

जब भी संसद का सत्र शुरु होता है, सर्वदलीय बैठक बुला कर आपसी सहमति और सहयोग से कार्यवाही चलाने का संकल्प लिया जाता है। मगर, पिछले कुछ समय से संसद का कामकाज हंगामे की भेंट चढ़ जा रहा है। किसी मसले पर विपक्ष बहस की मांग करता है और सभापति की मंजूरी न मिल पाने के बाद हंगामे का सिलसिला चल पड़ता है। पूरा का पूरा सत्र बिना किसी सार्थक बहस और विधेयकों पर जरुरी चर्चा के बगैर समाप्त हो जाता है। चालू सत्र में भी पहले ही दिन से हंगामा चल रहा है। विपक्ष अडाणी मामले पर बहस कराना चाहता है, मगर दोनों सदनों में इसकी इजाजत नहीं मिल पा रही। अब स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि विपक्ष ने राज्यसभा के सभापति यानी उपराष्ट्रपति के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव रख दिया है। उसका कहना है कि सभापति विपक्ष को बोलने का मौका नहीं देते, वे अपनी मर्जी से बहसों को रेकार्ड में लेते या नहीं लेते हैं। सत्तापक्ष के लोगों को बोलने का अधिक अवसर देते हैं, आदि। यह बहत्तर वर्षों के संसदीय इतिहास में पहला मौका है, जब इस तरह राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है, उन्हें हटाने की मांग उठी है। ऐसा नहीं कि पहले विपक्ष के नेता किसी सदन के सभापति से असंतुष्ट नहीं होते थे। उन पर पक्षपात के आरोप नहीं लगाते थे। पहले भी ऐसा होता रहा है, मगर तब कटाक्ष, तल्ख बयान और बहसों के बाद मामले सुलझा लिए जाते थे। सदन की मर्यादा का निर्वाह किया जाता था। मगर पिछले कुछ समय से शायद इस तकाजे को कोई समझना नहीं चाहता। मानसून सत्र में विपक्षी दल के कई नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष को संसदीय मर्यादा और उनके पद की गरिमा का पाठ पढ़ाया। खूब कटाक्ष किए, मगर कोई फर्क नहीं पड़ा। विपक्ष का आरोप है कि सरकार खुद हंगामा खड़ा करके सदन के कामकाज में बाधा डाल रही है। वह चाहती ही नहीं कि संसद में किसी मुद्दे पर बहस हो। दरअसल, संसदीय कार्यवाही को सुचारु रुप से चलाने की जिम्मेदारी सत्तापक्ष की होती है। अगर किन्हीं स्थितियों में विपक्ष का रुख अधिक आक्रामक हो जाता है और सदन की कार्यवाही में बाधा पड़ती है, तो संसदीय कार्यमंत्री सुलह-समझौते से गतिरोध दूर करने का प्रयास करते हैं। मगर लंबे समय से दोनों सदनों के कामकाज बाधित हैं और सरकार की तरफ से कोई ऐसा प्रयास नजर नहीं आता। अपेक्षा की जाती है कि जरुरी मसलों पर संसद के भीतर बहस हो और सर्वसम्मति से कोई फैसला किया जा सके। मगर पिछले कुछ समय से संसद में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच मूंछ की लड़ाई अधिक दिखाई देती है, बहसें विपक्ष संसद से बाहर करता है। पिछली सरकार के समय तो दोनों सदनों के डेढ़ सौ से ऊपर विपक्षी सदस्यों को निलंबित कर दिया गया।

isha



राय बेड़ियों की तरह होती हैं, जो आपको एक ख़ास स्तर तक नीचे पकड़ कर रखती हैं। जीवन का बोध होना ही सशक्तिकरण है।

– जग्गी वासुदेव

## धर्म-कर्म

# नागा सन्यासियों का संसार हर किसी के लिए प्रयागराज महाकुंभ में कौतुहल का केंद्र



**नागा संन्यासी न केवल अपनी विशेष वेशभूषा और रहन-सहन के लिए प्रसिद्ध हैं, बल्कि उनकी आध्यात्मिक तपस्या और धर्म की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका भी है। नागा संन्यासी वे तपस्वी साधु हैं, जो सनातन धर्म के विभिन्न अखवाड़ों यानि संगठनों से संबंधित होते हैं और वस्त्र, मोह-माया आदि का त्याग कर तपस्वी जीवन व्यतीत करते हैं।**

परम्पराओं के अनुसार नागा सन्यासियों को सर्दी हो या गर्मी, हर समय निर्वस्त्र ही रहना पड़ता है। तन पर धूनी लपेटे, अपने मन को दीक्षा लेने के पश्चात् ये अनुशासित कर लेते हैं तथा तप, ध्यान और ब्रह्मचर्य का कठोर पालन करते हैं। नागा साधु प्राचीन काल से धर्म, समाज और संस्कृति की रक्षा के लिए समर्पित रहे हैं। नागा साधु सांसारिक जीवन और उसके सुखों का त्याग करते हैं। ये साधु अधिकतर जंगलों, गुफाओं, और पर्वतों में रहते हैं। ज्यादातर नागा साधु नर्मदा तट, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियों में प्रवास करते हैं और कुम्भ आदि मेले के समय ये एक साथ समूह में देखे जाते हैं। यूं तो नागा निर्वस्त्र रहते हैं, परन्तु जिन्हें अखाड़ों की व्यवस्था सम्भालनी होती है, उन्हें यदा-कदा निमित्त मात्र के लिए वस्त्र धारण किए देखा गया है।

नागा सन्यासी नग्न रहते हुए भी महाकुंभ में अपने शरीर के उपर भस्म, फूल, तिलक, रुद्राक्ष, चिमट, रोली, चन्दन, डमरू, काजल, जटा, लोहे का छल्ला, अर्द्धचन्द्र तथा त्रिशूल, तलवार, गदा जैसे शस्त्र आदि धारण कर सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इनका आशीर्वाद लेने के लिए भक्तों की लम्बी-लम्बी कतार लगती है। परम्परा अनुसार पांच-छः वर्ष की आयु के बच्चों से लेकर लगभग 40 वर्ष के पुरुषों को अखाड़ों में नागा सन्यासियों की दीक्षा दी जाती है। दीक्षा उपरान्त इन्हें चौबीस घण्टे में एक बार सात्विक भोजन करना होता है, कहा जाता है, भोजन के लिए नागा सन्यासी सिर्फ सात घरों में भिक्षा मांग सकते हैं, अगर दुर्भाग्यवश इन सात घरों में से किसी भी घर से इन्हें भिक्षा नहीं मिली, तो इन्हें इस दिन भूखा ही रहना पड़ता है। नागा साधु बनना आसान नहीं है, यह एक कठिन और अनुशासित प्रक्रिया है।

Bihar

# महाबोधि मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी, दुबई से वासेपुर के कुख्यात ने भेजा संदेश, आईएसआई का भी जिक्र

गया। बिहार के बोधगया में स्थित महाबोधि मंदिर को एक बार फिर आतंकियों के निशाने पर है। दुबई में छुपा झारखंड राज्य के कुख्यात अपराधी विक्की ने महाबोधि मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी है। बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति को यह धमकी एक पत्र के जरिए मिली है। महाबोधि मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद बिहार, झारखंड और दिल्ली समेत अन्य राज्यों की पुलिस एक्टिव हो गई। साथ ही आरोपी की पहचान कर गिरफ्तार करने में जुट गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक महाबोधि मंदिर को बम से उठाने की धमकी झारखंड राज्य के धनवाद जिले के वासेपुर का कुख्यात अपराधी प्रिंस खान ने दी है। वहीं, धमकी



मिलने के बाद गया पुलिस की एक टीम धनबाद पहुंचकर प्रिंस खान के घर में छापेमारी कर पूरी तलाशी ली है।

झारखंड राज्य के कुख्यात अपराधी प्रिंस इन दिनों दुबई में छिपे होने की खबर है।

चिट्ठी से बोधगया में मचा हड़कंप

महाबोधि मंदिर प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक बताया उन्हें एक पत्र मिला है, जिसमें महाबोधि मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। धमकी देने वाले ने पत्र में पाकिस्तानी एजेंसी ISI का भी जिक्र किया गया है। धमकी भरा पत्र में वासेपुर के कुख्यात अपराधी प्रिंस खान का नाम भी शामिल है। महाबोधि मंदिर उड़ाने की धमकी भरा पत्र मिलने के बाद गया पुलिस की एक टीम सब इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में झारखंड राज्य के धनबाद जिला पहुंची। इस दौरान झारखंड पुलिस

New Delhi

## दिल्ली में अब बॉडी बिल्डर रवि पर बरसा दीं गोलियां, रात को पार्क में हाथ सेंकते वक्त हमला



**नई दिल्ली।** दिल्ली में बदमाशों ने एक और सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया है। दिल्ली के त्रिलोकपुरी इलाके में रवि नाम के एक बॉडी बिल्डर पर गोलियां बरसा दीं। बुधवार रात बदमाशों ने उसे उस वक्त 5 गोलियां मारीं जब वह दोस्तों के साथ आग सेंक रहा था। रवि को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

त्रिलोकपुरी का रहने वाला रवि बॉडी बिल्डर होने के साथ जिम ट्रेनर है। वह बॉडी बिल्डिंग में कई अवॉर्ड जीत चुका है। रवि पर हमले का आरोप गोलू नाम के बदमाश पर है। रवि और गोलू के बीच करीब 15 साल से दुश्मनी है। पहले भी दोनों के बीच कई बार झगड़ा हो चुका था। रवि के परिवार में भी कुछ ऐसे लोग हैं जिनका आपराधिक इतिहास है।

बताया जा रहा है कि रवि रात को एक पार्क में दोस्तों के साथ आग सेंक रहा था। तभी कुछ बदमाशों ने वहां आकर फायरिंग कर दी। गोली लगने से रवि भी जख्मी हो गया। बदमाश फायरिंग करने के बाद मौके से फरार हो गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुट गई है। शुरुआती जांच के आधार पर पुलिस का मानना है कि रवि और गोलू के बीच पुरानी रंजिश को लेकर यह हमला किया गया है।

यह घटना ऐसे समय पर हुई है जब दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगातार दिल्ली की कानून व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार की घेराबंदी करने में जुटे हैं।

Rajasthan

## बोरवेल में गिरे आर्यन की मौत, देर रात निकाला गया बाहर; 57 घंटे तक चला था रेस्क्यू

**दौसा।** 9 दिसंबर को बोरवेल में गिरा पांच साल का मासूम आर्यन जिंदा वापस नहीं आ सका, तीन दिन के लंबे बचाव अभियान के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका। 5 साल के आर्यन को बोरवेल से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। रेस्क्यू टीम ने उसे बाहर निकाला और पुलिस ने आर्यन के शव को दौसा जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। बच्चे के माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल है। उसके गांव कालीखाड़ में भी मातम छाया हुआ है। अब गुरुवार(12 दिसंबर) की सुबह शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। गौरतलब है कि आर्यन को बचाने के लिए एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम ने पूरी कोशिश की। पाइलिंग मशीन के जरिए बोरवेल से कुछ दूरी पर नया गड्ढा खोदा गया। खुदाई का काम पूरा होने के बाद गड्ढे की फिनिशिंग हुई और फिर एनडीआरएफ के जवानों को पीपी किट पहनाकर 150 फीट नीचे उतारा गया। जवानों ने आर्यन तक पहुंचने के लिए गड्ढे से बोरवेल तक एक टनल बनाई। पाइलिंग मशीन के द्वारा खुदाई के बाद कई प्रकार की परेशानियों का

New Delhi

## पहाड़ों की बर्फीली हवा का असर: 3.8 डिग्री पारा... दिल्लीवालों की छूटी कंपकंपी, मौसम विभाग का येलो अलर्ट

**नई दिल्ली।** पहाड़ों में हो रही बर्फबारी का असर राजधानी दिल्ली में भी देखने को मिल रहा है। दिल्ली के तापमान में आज गिरावट दर्ज की गई है। आज आयानगर में न्यूनतम तापमान 3.8 सेल्सियस तक पहुंच गया है। सफदरजंग में पारा 4.9 सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार और शुक्रवार के लिए शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है। ऐसे में न्यूनतम तापमान चार से छह डिग्री रहने का अनुमान है।

वहीं, दिल्ली में 28 साल बाद 11 दिसंबर की सुबह लोगों को शीतलहर ने सताया। इस दौरान मंगलवार के मुकाबले पांच डिग्री कम न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि 3.8 डिग्री सेल्सियस तापमान आया नगर में दर्ज किया गया।

इससे पहले 11 दिसंबर, 1996 को 2.3 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया



गया था। सफदरजंग वेधशाला में अब तक का सबसे कम न्यूनतम तापमान 27 दिसंबर, 1930 को 0.0 डिग्री सेल्सियस था। मौसम विभाग का मानना है कि तापमान में अचानक गिरावट का कारण हिमालय से आने वाली ठंडी हवाएं हैं। पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने से हवा का प्रवाह बदला है। तापमान में कमी आई है। वहीं, अधिकतम तापमान भी सामान्य से दो डिग्री नीचे रहा, जो 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

खेल

# खेलों में राष्ट्रीय स्पोर्ट्स लीग कराएगा खेल मंत्रालय, फ्रेंचाइजी पर आधारित होंगी टीमें

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** हॉकी इंडिया लीग और प्रो कबड्डी लीग की तर्ज पर खेल मंत्रालय अन्य खेलों में लीग का आयोजन कराएगा। मंत्रालय तकरीबन 12 खेलों में राष्ट्रीय स्पोर्ट्स लीग का आयोजन कराने जा रहा है। ये लीग फ्रेंचाइजी मॉडल पर आधारित होंगी और निजी औद्योगिक कंपनियां अन्य लीगों की तरह इनमें अपनी टीमें उतारेंगी। हालांकि राष्ट्रीय स्पोर्ट्स लीग में विदेशी खिलाड़ी नहीं खेलेंगे।

इनमें सिर्फ देश के खिलाड़ियों को खेलने की अनुमति होगी। मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार राष्ट्रीय स्पोर्ट्स लीग को साई और राष्ट्रीय खेल संघों के साथ मिलकर आयोजित किया जाएगा। कबड्डी, हॉकी, टेबल टेनिस जैसे खेलों में जहां लीग पहले से ही चल रही हैं, वहां कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी, लेकिन जिन खेलों में लीग नहीं हो रही है या आर्थिक कारणों से बंद हो चुकी है, उन खेलों में लीग आयोजित की जाएगी।



सूत्रों के मुताबिक अभी खेलों का चयन नहीं किया गया है, लेकिन खेल संघों से बातचीत के बाद इनका चयन किया जाएगा। मंत्रालय का मानना है कि 12 खेलों में लीग हो सकती है। लीग कराने का उद्देश्य 2036 के ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। एक खेल संघ में एक ही लीग का आयोजन किया जाएगा। ऐसा नहीं होगा कि खेल संघ अपनी लीग कराए और मंत्रालय अलग से लीग कराए। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया कि हालांकि समय-सीमा अभी तय नहीं की गई है लेकिन योजना प्रक्रिया और खेलों की पहचान का काम अग्रिम चरण में है तथा समय आने पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। मंत्रालय का मानना है कि यह 2036 में ओलंपिक की मेजबानी की महत्वाकांक्षा रखने वाले देश के लिए एक बड़ा बदलाव लाने वाला कदम होगा। सूत्र ने कहा, 'एनएसएल की शुरुआत के बाद प्रत्येक खेल में केवल एक लीग होगी। ऐसा नहीं होगा कि एनएसएफ. एक लीग का आयोजन करे और मंत्रालय दूसरी लीग का।' सूत्र ने उन खेलों का खुलासा करने से इनकार कर दिया जिनमें मंत्रालय लीग शुरू करने का इरादा रखता है। उन्होंने कहा कि यह जल्द ही किया जाएगा। सूत्र ने यह भी कहा कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भेजा गया 'आशय पत्र' किसी विशेष शहर के लिए नहीं था।

सिनेमा

## 'एक्टर नहीं होता तो अंडरवर्ल्ड में होता', बोले नाना पाटेकर, माना गुस्से में उठ जाता है मेरा हाथ




नाना पाटेकर अपनी एक्टिंग के अलावा गुस्से के लिए भी काफी मशहूर हैं. हाल ही में एक इंसीडेंट सामने आया था, जब एक्टर ने एक फैन को सरेआम चांटा मार दिया था. हालांकि इसके बाद नाना ने कहा था कि वो गलत थे ऐसे थप्पड़ नहीं मारना चाहिए था. लेकिन नाना का इस तरह से गुस्सा जाहिर करना नई बात नहीं है. इस पर खुद नाना ने चुप्पी तोड़ी और बताया कि वो कितने वायलेंट हैं. एक्टर ने कहा कि उनका गुस्सा इस कदर हाई होता है कि अगर वो एक्टर ना होते तो अंडरवर्ल्ड में होते. नाना पाटेकर ने बताया कि उनका गुस्सा काफी खराब है, लेकिन अक्सर वो बेतुकी चीजों पर नहीं भड़कते हैं. वो गुस्सा तब करते हैं जब किसी अपना काम सही से करते नहीं देखते हैं. सिद्धार्थ कनन से बातचीत में उन्होंने इस पर खुलकर राय रखी. नाना पाटेकर बोले- गुस्सा आता है ना यार. अभी इसका मेरा रिश्ता है फिल्म का, अभी फिल्म के लिए तुझे प्यार नहीं, तो मैं आपको जानना भी नहीं चाहता. तुझे 100 परसेंट वहां होना चाहिए. तेरा 100 परसेंट वहां होगा तब फिल्म का अच्छा होगा ना. तू पूरा का पूरा उधर होना चाहिए. तुझे नाम चाहिए, शोहरत चाहिए हर कोई फोटो खींचे, ये सब फोकट में तो मिलेगा नहीं.

## Highlights

1. Testing time for PM: SDPI on plea claiming Ajmer Dargah is Temple
2. Delhi sees season's lowest temperature at 4.5°C, cold wave alert issued
3. Heavy rainfall and cold wave warning issued for several states, list released
4. What are Supreme Court's factors for deciding divorce alimony amount?
5. RG Kar victim's lawyer withdraws from rape case in all courts

# Indian companies now include AI in long-term strategy, reveals new IBM study



**NEW DElHI, (Agency).** Indian enterprises are advancing past early AI experimentation to maximise the impact of their AI investments, according to the new "APAC AI Outlook 2025" report commissioned by International Business Machines (IBM).

Many respondents from India expect AI to bring long-term benefits in areas like innovation (26%), revenue generation (21%), cost savings (12%), and enhanced employee productivity (12%), the report said.

"In 2025, AI is set to be the game-changer for Indian enterprises, revolutionising productivity and enabling unprecedented scalability," said Sandip Patel, Managing Director, IBM India & South Asia.

"As we work towards the vision of a Viksit Bharat, the focus will be on leveraging AI responsibly to drive real business value—moving beyond low-risk experiments to strategic initiatives that provide a competitive edge and improved ROI. Additionally, the rise of small, high-performing AI models will redefine efficiency, delivering task-specific results that rival larger models at a fraction of the cost," he added.

In 2025, Indian organisations will primarily focus their AI investments on enhancing customer experience (27%), planning and strategy (16%), and optimising IT functions (16%). To achieve these goals, they must tackle challenges such as data accessibility (46%), limited AI skills (42%), and integration and scaling difficulties (38%).

# Nvidia increases hiring in China to boost AI-driven car efforts

**NEW DElHI, (Agency).** Nvidia Corp. has added hundreds of staff in China this year to enhance its research capabilities and focus on new autonomous driving technologies.

The world's second most valuable company will end the year with about 4,000 people, up from just about 3,000 at the start of 2024,




people familiar with its operations said. In a key part of that expansion, Nvdia added about 200 people in Beijing to beef up a team of researchers working on self-driving, the people said, asking not to be named as the information is private. The US company also enlarged its after-sales service and networking software development teams, one person said.

Santa Clara, California-based Nvidia is expanding its headcount globally as it works to fulfill runaway demand for its artificial intelligence chips. China, subject to US trade curbs that prevent Nvidia from selling its most advanced semiconductors there, still yielded $5.4 billion in sales in the September quarter. The country remains an important market and a research hub for the US chip designer.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक